HINDUSTAN PAGE 6

43 परीक्षा केन्द्रों पर होगी बीएड की सेमेस्टर परीक्षा

एलयू

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय की बीएड पहले सेमेस्टर की परीक्षा 19 अप्रैल से होनी है। परीक्षा में छात्रों की संख्या को देखते हुए विश्वविद्यालय ने लखनऊ समेत हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर और रायबरेली में 43 परीक्षा केन्द्रों की प्रस्तावित सूची शुक्रवार को जारी कर दी। केन्द्रों की अन्तिम सूची आपत्ति निस्तारण के बाद जारी की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों को निर्धारण मानकों के अनुरूप बनाया गया है। बीएड पहले सेमेस्टर की परीक्षा 19 अप्रैल, 21 अप्रैल, 23 व 25 अप्रैल को होनी है।

लखनऊ में प्रस्तावित परीक्षा केन्द्र

लखनऊ विश्वविद्यालय, श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन बीकेटी, इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज, हीरालाल यादव गर्ल्स डिग्री कॉलेज, आईटी कॉलेज, करामत डिग्री कॉलेज, खुनखुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, महिला कॉलेज, नवयुग कॉलेज, रामा डिग्री कॉलेज, रामा डिग्री कॉलेज, डीडीयू डिग्री कॉलेज, कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, लाला महादेव प्रसाद वर्मा डिग्री कॉलेज, आर्यव्रत इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, चरक इंस्टीट्यूट, बोरा इंस्टीटयूट, बीएसएनपी पीजी कॉलेज, रामेश्वरम पीजी कॉलेज, बासुदेव डिग्री कॉलेज, टेक्नो इंस्टीट्यूट हायर स्ट्डीज, काली चरण डिग्री कॉलेज, करियर कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट क्रिश्चियन कॉलेज, भारतीय विद्या भवन गर्ल्स डिग्री कॉलेज, श्री कृष्णा दत्त अकादमी, महाराजा बिजली पासी गर्वमेंट कॉलेज, सीडी गर्ल्स डिग्री कॉलेज।

एमएससी केमिस्ट्री 18 बीवोक की परीक्षा 16 से

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के पीजी प्रथम सेमेस्टर के पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम लगातार जारी किया जा रहा है। शुक्रवार को परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि एमएससी केमिस्ट्री, फॉर्मास्टिकल केमिस्ट्री एवं बीवोक साफ्टवेयर डेवलपमेंट प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया। एमएससी केमिस्ट्री की परीक्षाएं 18 से 26 अप्रैल, एमएससी फार्मास्टिकल केमिस्ट्री की परीक्षा 18 से 26 अप्रैल तक दोपहर दो से पांच बजे की पाली में होगी एवं बीवोक साफ्टवेयर डेवलपमेंट की परीक्षा 16 से 25 अप्रैल तक सुबह नौ से 12 बजे की पाली में होंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि विस्तृत पाठ्यक्रम एलयू की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया है।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : 43 केंद्रों पर होगी बीएड परीक्षा

लखनऊ। लविवि की बीएड पहले सेमेस्टर की परीक्षा लखनऊ समेत पांच जिलों में 43 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। विवि प्रशासन ने शुक्रवार देर शाम परीक्षा केंद्रों की टेंटेटिव सूची जारी कर दी। हालांकि, इसे अभी वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया गया है। परीक्षा 19 से 25 अप्रैल के बीच सुबह 09 से दोपहर 12 बजे तक होगी। विवि प्रशासन द्वारा जारी सूचना के अनुसार लखनऊ में 29, हरदोई, सीतापुर व रायबरेली में 4-4 व लखीपमुर खीरी में 04 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

एमएससी केमिस्ट्री की परीक्षा 18 से

लखनऊ। लविवि प्रशासन ने शुक्रवार को कुछ कोर्सों का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। एमएससी केमिस्ट्री व एमएससी फार्मास्युटिकल पहले सेमेस्टर की परीक्षा 18 से 26 अप्रैल के बीच दोपहर 02 से शाम 05 बजे तक होगी। वहीं, बीवोक साफ्टवेयर डेवलपमेंट पहले सेमेस्टर की परीक्षा 16 से 25 अप्रैल तक सुबह 09 से दोपहर 12 बजे तक होगी। (माई सिटी रिपोर्टर)

वीसी केयर फंड की औपचारिक शुरुआत आज

लखनऊ। लविवि प्रशासन जरूरतमंद विद्यार्थियों के आर्थिक सहयोग के लिए वीसी केयर फंड की औपचारिक शुरुआत शनिवार को करेगा। इसमें छात्रों को एक सत्र में अधिकतम 50 हजार रुपये तक की आर्थिक मदद की जाएगी। कोई भी पूर्व छात्र या अन्य व्यक्ति इस फंड में अपना सहयोग कर सकेगा। विवि प्रशासन के अनुसार जल्द ही इसके लिए जरूरतमंद छात्रों से आवेदन मांगे जाएंगे। (माई सिटी रिपोर्टर)

गर्मी में छात्रों को परीक्षा देते देखकर कुलपति नाराज

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय की परीक्षाओं में शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की नाराजगी का सामना केन्द्राध्यक्ष ओर कक्ष निरीक्षकों को करना पड़ा।

सीतापुर के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करने पंहुचे कुलपति को भीषण गर्मी में छात्र परीक्षा देते नजर आए। हालनुमा परीक्षा कक्ष में सिर्फ आगे की सीट पर बैठे परीक्षार्थियों को हवा मिल रही थी। पीछे की पंक्तियों में बैठे छात्र पसीना पोछ रहे थे। ग्रीन फील्ड डिग्री कॉलेज के बड़े कक्ष में सिर्फ तीन पंखे लगे थे। कुलपति ने केन्द्राध्यक्ष को और पंखे लगाने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही संत सूरज बाबू महाविद्यालय में वीसी ने अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। यहां सफाई व्यवस्था को लेकर वह नाराज हुए और केंद्र अध्यक्ष को सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

i-NEXT PAGE 2

43 केंद्रों पर होंगी बीएड प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं

LUCKNOW (8 APR): लखनऊ विश्वविद्यालय ने 19 अप्रैल से शुरू होने वाली बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए शुक्रवार को केंद्रों का निर्धारण कर दिया. ये परीक्षाएं 43 केंद्रों पर होंगी. विश्वविद्यालय ने इसकी सूची जारी कर दी है. विद्यार्थी अपने केंद्रों की जानकारी वेबसाइट www.lkouniv.ac.in **से भी ले सकते हैं.**

ये बने हैं परीक्षा केंद्र

लखनऊ विश्वविद्यालय, श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन बीकेटी, इरम गर्ल्स डिग्री कालेज इंदिरानगर, हीरा लाल यादव गर्ल्स डिग्री कालेज सरोजनीनगर, आइटी पीजी कालेज फैजाबाद रोड, श्री जय नारायण मिश्र डिग्री कालेज, करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पीजी कालेज, खुन-खुनजी गर्ल्स डिग्री कालेज, महिला महाविद्यालय, नवयुग कन्या डिग्री कालेज, रजत डिग्री कालेज फैजाबाद रोड, रामा डिग्री कालेज चिनहट, डीडीयू गर्ल्स डिग्री कालेज, कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कालेज आदि.

एग्जाम देते वक्त पसीने से तर-बतर मिले स्टूडेंट्स

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (8 Apr): लखनऊ यूनिवर्सिटी में सेमेस्टर एग्जाम के बीच शुक्रवार को जब वीसी ने केंद्रों का निरीक्षण किया तो उन्हें पसीने से तर-बतर स्टूडेंट्स एग्जाम देते नजर आए. ग्रीन फील्ड डिग्री कॉलेज में तीन पंखों के सहारे ही इस भीषण गर्मी में स्टूडेंट एग्जाम देते मिले. इस पर उन्होंने अविलंब पंखे लगाए जाने का आदेश दिया. वहीं संत सूरज बाबू महाविद्यालय में वीसी को सफाई व्यवस्था अच्छी नहीं मिले जिस पर उन्होंने केंद्र अध्यक्ष को इस पर विशेष ध्यान देने को कहा. वीसी के साथ प्रो. निशी पांडेय, मुख्य कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी और उनके टीम के सदस्य डॉ. ओपी शुक्ला, डॉ. महेंद्र अग्निहोत्री, डॉ. आशीष अवस्थी, डॉ. राहुल पांडेय, डॉ. एसपी सिंह और डॉ. प्रवीश प्रकाश भी शामिल रहे.

वीसी केयर फंड की शुरुआत आज से

आगरा, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को आर्थिक सहायता देने के लिए वीसी केयर फंड की शुरुआत शनिवार से होगी। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय इसका शुभारंभ करेंगे। इस फंड से किसी भी जरूरतमंद छात्र या छात्रा को एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। मदद देने की शुरुआत कैंपस से होगी। फिर कालेजों के विद्यार्थियों को भी इसमें शामिल किया जाएगा।

लविवि में हर सत्र बहुत से ऐसे विद्यार्थी आते हैं जो आर्थिक रूप से काफी कमजोर होते हैं। फीस माफ करने से लेकर अन्य आर्थिक समस्याओं को लेकर वह विश्वविद्यालय में संपर्क करते हैं, लेकिन अभी तक ऐसा कोई फंड न होने की वजह से उनकी मदद करने में समस्या आती थी।

JAGRAN CITY PAGE I

43 केंद्रों पर होगी बीएड प्रथम सेमेस्टर परीक्षा

लखनऊ विश्वविद्यालय ने जारी कर दी परीक्षा केंद्रों की सूची, 19 अप्रैल से होगी शुरुआत

आगरा संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने 19 अप्रैल से शुरू होने वाली बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा के लिए शुक्रवार को केंद्रों का निर्धारण कर दिया। यह परीक्षा 43 केंद्रों पर होगी। विश्वविद्यालय ने इसकी सूची जारी कर दी है। विद्यार्थी अपने केंद्रों की जानकारी वेबसाइट www.lkouniv.ac.in/ से भी ले सकते हैं।

ये रहे हैं परीक्षा केंद्र : लखनऊ विश्वविद्यालय, श्री दुर्गा शिक्षा निकेतन बीकेटी, इरम गर्ल्स डिग्री कालेज इंदिरानगर, हीरा लाल यादव गर्ल्स डिग्री कालेज सरोजनीनगर, आइटी पीजी कालेज फैजाबाद रोड, श्री जय नारायण मिश्र डिग्री कालेज, करामत हुसैन मुस्लिम गर्ल्स पीजी कालेज, खुन-खुनजी गर्ल्स डिग्री कालेज, महिला महाविद्यालय, नवयुग कन्या डिग्री कालेज, रजत डिग्री कालेज फैजाबाद रोड, रामा डिग्री कालेज चिनहट, डीडीयू गर्ल्स डिग्री कालेज, कृष्णा देवी गर्ल्स डिग्री कालेज, लाल महादेव प्रसाद वर्मा बालिका महाविद्यालय गोसाईगंज, आर्यवृत इंस्टीट्यूट आफ हायर एजुकेशन रायबरेली रोड, चरक इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन चैक, बोरा इंस्टीट्यूट आफ मैनजमेंट साइंस सैंतापुर रोड, बीएसएनपी पीजी कालेज चरबाग, रामेश्वरम इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग सीतापुर रोड, बासुदेव डिग्री कालेज इंदिरानगर, टेक्नो इंस्टीट्यूट आफ हायर स्टडीज फैजाबाद रोड, कालीचरण डिग्री कालेज, कैरियर कालेज आफ मैनेजमेंट एंड एजुकेशन विकास नगर, लखनऊ क्रिश्चियन कालेज, भारतीय विद्या भवन गर्ल्स डिग्री कालेज गोमतीनगर, श्रीकृष्ण दत्त एकेडमी वृंदावन योजना, महाराजा बिजली पासी राजकीय कालेज अशियाना, सीडी गर्ल्स डिग्री कालेज फैजाबाद रोड।

हरदोई: सीएसएम पीजी कालेज, महारणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय, राम मनोहर लोहिया डिग्री कालेज, राजकीय महाविद्यालय पिहानी।

लखीमपुर खीरी : वाईपी कालेज, सीजीएस कालेज सेला गोलागोकर्ण।

रायबरेली : फिरोजगांधी कालेज, डा. अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय ऊंचाहार, सर्वोदय विद्या पीठ पीजी कालेज, बैसवारा डिग्री कालेज।

सीतापुर : हिंदू कन्या महाविद्यालय, श्री गंधी डिग्री कालेज सिधौली, अरएसपी पीजी कालेज, एकएस राजकीय डिग्री कालेज महमूदाबाद।

केकेवी : स्नातक में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन कल से

लखनऊ विश्वविद्यालय के बाद अब कई महाविद्यालयों में भी स्नातक व परास्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन शुरू हो चुके है। बाबा बी.नाराय केकेवन्नल पीजी कालेज (केकेवी) ने भी आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी। यह 10 अप्रैल से bsnvpgcollege.co.in के माध्यम से आनलाइन आवेदन शुरू हो जाएंगे। प्राचार्य प्रो. रमेशचंद्र द्विवेदी ने बताया कि स्नातक पाठ्यक्रम में आवेदन के लिए शुल्क 700 रुपये रखा होगा। बीए में 700, बीएससी 700 और बीकाम की 240 सीटों पर प्रवेश मेरिट के आधार पर लिए जाएंगे। अभ्यर्थियों के पास नई शिक्षा नीति के तहत तीन वर्षीय और चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिले का विकल्प भी रहेगा। उन्होंने बताया कि अभी आवेदन के लिए अंतिम तिथि तय नहीं की गई है।

यहां भी तिथि तय : नेशनल पीजी कालेज में 11 अप्रैल से आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसी तरह दिल्ली डिग्री कालेज, नुसरत पीजी कालेज और नवाब जिंदली पासी राजकीय महाविद्यालय में भी जल्द ही आवेदन की तिथि तय हो जाएगी।

लवि में 31 मई तक मौका

लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों में आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अभ्यर्थियों को 31 मई तक मौका दिया गया है। वहीं, 11 अप्रैल से परास्नातक पाठ्यक्रमों में आनलाइन आवेदन की तैयारी है। एक-दो दिन में प्रवेश प्रक्रिया और सीटों की संख्या आदि की विस्तृत सूचना वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

परीक्षा का पारिश्रमिक समय से उपलब्ध कराने की मांग

लखनऊ, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय सहयुक्त महाविद्यालय शिक्षक संघ (लुआस्टा) ने परीक्षा में ड्यूटी करने वाले शिक्षकों व शिक्षेतर कर्मचारियों को समय से पारिश्रमिक न दिए जाने पर नाराजगी जताई है। कुलपति को भेजे ज्ञापन में लुआस्टा अध्यक्ष डा. मनोज पांडेय ने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय महाविद्यालयों से प्रति विद्यार्थी परीक्षा शुल्क परीक्षाएं शुरू होने से पहले ही ले लेता है। सबसे अधिक परीक्षा फोस भी ली जाती है। कक्ष निरीक्षक से लेकर परीक्षाओं से संबंधित अन्य व्यय परीक्षा शुल्क लिए जाने के बावजूद विश्वविद्यालय द्वारा समय पर नहीं दिया जाता है, जिससे महाविद्यालयों में परीक्षा के संचालन में समस्या उत्पन्न होती है, इसलिए महाविद्यालयों में भी परीक्षा के दिन पारिश्रमिक उपलब्ध कराया जाए।

बीवोक 16, एमएससी केमेस्ट्री प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं 18 से

लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को बीवोक और एमएससी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया। बीवोक साफ्टवेयर डेवलपमेंट) परीक्षाएं 16 से 25 अप्रैल तक और एमएससी केमेस्ट्री व फार्मास्युटिकल की परीक्षाएं 18 से 26 अप्रैल तक होंगी। इसका विस्तृत कार्यक्रम वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है।

● बीवोक साफ्टवेयर डेवलपमेंट सेमेस्टर-1 : 16 अप्रैल-कंप्यूटर्स आफ कंप्यूटर एंड इंफारमेशन टेक्नालाजी, 18 अप्रैल-प्राब्लम सालिंग टेक्निक एंड सी प्रोग्रामिंग, 20 अप्रैल-वेब डिजाइनिंग, 22 अप्रैल-इंटरनेशनल टू डेटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम, 25 अप्रैल-कंप्यूटर्स आफ मैनेटिस्स। ● एमएससी केमेस्ट्री सेमेस्टर-1 : 18 अप्रैल-इनआर्गेनिक केमेस्ट्री, 21 अप्रैल-आर्गेनिक केमेस्ट्री, 24 अप्रैल-फिजिकल केमेस्ट्री, 26 अप्रैल-केमेस्ट्री आफ एन्विरमेंट एंड पोल्यूशन कंट्रोल। ● एमएससी फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री सेमेस्टर-1 : 18 अप्रैल-फिजिकल केमेस्ट्री, 21 अप्रैल-आर्गेनिक एंड न्यूक्लियर केमिस्ट्री, 24 अप्रैल-आर्गेनिक केमिस्ट्री, 26 अप्रैल-स्पेक्ट्रोस्कोपी।

कमियां देख कुलपति हुए नाराज

लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में बीटेक तीसरे सेमेस्टर लेट्रल एंट्री और एमबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हो गई। शुक्रवार की पाली में बीटेक की परीक्षा हुई। वहीं, दोपहर की पाली में एमबीए एफ एंड बी, एमबीए आइबी, एमबीए एग्रीकल्चर, एमबीए मार्केटिंग-सेमेस्टर 4 ओल्ड कोर्स, एमबीए टेक्नोलाजी एंड मैनेजमेंट और न्यू कोर्स में इंटरनेशनल आफ मैनेजमेंट विषय की परीक्षा हुई।

बीटेक लेट्रल इंट्री व एमबीए की परीक्षाएं शुरू

लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में बीटेक तीसरे सेमेस्टर लेट्रल एंट्री और एमबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुक्रवार से शुरू हो गई। शुक्रवार की पाली में बीटेक की परीक्षा हुई। वहीं, दोपहर की पाली में एमबीए एफ एंड बी, एमबीए आइबी, एमबीए एग्रीकल्चर, एमबीए मार्केटिंग-सेमेस्टर 4 ओल्ड कोर्स, एमबीए टेक्नोलाजी एंड मैनेजमेंट और न्यू कोर्स में इंटरनेशनल आफ मैनेजमेंट विषय की परीक्षा हुई।

TRUE TIMES PAGE 1

प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया

ट्रू टाइम्स संवाददाता

कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

इन परीक्षा केंद्रों में आर एम पी डिग्री कॉलेज, ग्रीन फील्ड डिग्री कॉलेज, श्री डीपी वर्मा मेमोरियल डिग्री कॉलेज, स्वर्गीय दयाशंकर पटेल डिग्री कॉलेज और संत सूरज बाबू महाविद्यालय सम्मिलित थे।

सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक और सुचारू रूप से संपन्न हो रही थी।

ग्रीन फील्ड डिग्री कॉलेज के कक्ष संख्या 202 में आगे की तरफ मात्र तीन पंखे थे, बाकी पीछे की तरफ कोई पंखा नहीं लगा था जिसके कारण कुलपति जी नाराज हुए और उन्होंने केंद्र अध्यक्ष को निर्देश दिया कि अविलंब पंखा लगाया जाए।

इसी प्रकार संत सूरज बाबू महाविद्यालय में कुलपति जी ने अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। किंतु वहां पर साफ सफाई व्यवस्था को लेकर के वह नाराज हुए और केंद्र अध्यक्ष को सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

इस निरीक्षण में कुलपति जी के साथ प्रोफेसर निशी पांडे, मुख्य कुलानुशासक, प्रोफेसर राकेश द्विवेदी और उनके टीम के सदस्य डॉक्टर ओपी शुक्ला, डॉ महेंद्र अग्निहोत्री, डॉ आशीष अवस्थी, डॉ राहुल पांडे, डॉ एस पी सिंह, और डॉ प्रवीश प्रकाश आदि सम्मिलित थे।

PIONEER PAGE 3

LU to launch 'VC Care Fund' today

PNS ■ LUCKNOW

Lucknow University will be launching the 'VC Care Fund' on Saturday as a special connect between the university and society. Lucknow University Vice-Chancellor AK Rai said this is the first-of-its-kind initiative with the idea of being able to help the students for a wide spectrum of their needs.

Rai said their aim is to connect the university with the society. "We want to tell the general public that if they want to make a contribution, they can do it to the university from a minimal start of Rs 1,000 which will be used for the needy students. Besides, the person who has invested the money will be told where the money was spent and his or her name would also be showcased on the website," he said.

He added that they have streamlined the process of money deposit for all those who want to contribute towards the funds.

The LU VC said they would help the student starting from an amount of Rs 5,000 taking it up to Rs 50,000. "It will help students who have fallen sick and have no money to provide for the medical facilities, and it will also help the students who want things like laptops and have other requirements," he added.

Rai said they would first start with the students in the university and then the affiliating colleges to provide financial assistance to the students and to the needy students during their education in the institution. The university also said that higher education, often viewed as an instrument for economic progress, is moving away from its prime purpose of human development. Higher education is a mechanism focused on the uplift of socially and economically challenged people that instills empowerment among people. For this reason, the National Education Policy-2020 envisions ensuring equitable access to quality education, especially among the socially and economically disadvantaged groups (SEDGs).

The VC has constituted a 3-member committee to prepare its policy and guidelines for implementation. The recommendations of the duly constituted committee will be put before the Finance Committee for approval prior to implementation.

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

बिना पंखा गर्मी में दे रहे परीक्षा

निरीक्षण में मिली खामियां, हाल में तीन पंखों के सहारे छात्र दे रहे थे परीक्षा

लविवि के कुलपति ने निरीक्षण में पकड़ी खामियां, जताई नाराजगी

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय में सेमेस्टर परीक्षायें जारी है, इसी बीच कुलपति प्रोफेसर आलोक राय अपनी उड़ाका दल के साथ केन्द्रों का लगातार निरीक्षण कर रहे है। शुक्रवार को परीक्षा के दौरान उन्होंने सीतापुर जनपद के सहयुक्त परीक्षा केंद्रो पर छापा मारा, तो परीक्षार्थी पसीना पोछते नजर आये।

कुलपति ने देखा कि ग्रीन फील्ड डिग्री कॉलेज के कक्ष संख्या 202 में आगे की तरफ मात्र तीन पंखे थे, बाकी पीछे की तरफ कोई पंखा नहीं लगा था, जिसके बाद कलपति आलोक कुमार राय ने केंद्र अध्यक्ष को निर्देश दिया कि अविलंब पंखा लगाया जाए। सवाल यह उठता है कि आखिर क्या देख कर इन कालेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया, यही नही परीक्षा केंद्र बनाने वाली कमेटी के सदस्यों ने कई कई बार निरीक्षण किया था, उसमें उन्होंने क्या देखा? इसके अलावा उन्होंने आर.एम.पी. डिग्री कॉलेज, श्री डीपी वर्मा मेमोरियल डिग्री कॉलेज, स्वर्गीय दयाशंकर पटेल डिग्री कॉलेज और संत सूरज बाबू महाविद्यालय में भी छापा मारा। छापे के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्वक और सुचारू रूप से संपन्न हो रही थी। जबकि सूत्र इसकी कहानी कुछ और ही बताते है ॰इसी प्रकार संत सूरज बाबू महाविद्यालय में कलपति ने अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। किंतु वहां पर साफ सफाई व्यवस्था को लेकर के वह नाराज हुए और केंद्र अध्यक्ष को सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

इस निरीक्षण में कुलपति के साथ प्रोफेसर निशी पांडे, मुख्य कुलानुशासक, प्रोफेसर राकेश द्विवेदी और उनके टीम के सदस्य डॉक्टर ओ.पी.शक्ला, डॉ महेंद्र अग्निहोत्री, डॉ आशीष अवस्थी, डॉ राहुल पांडे, डॉ एस.पी.सिंह, और डॉ प्रवीष प्रकाश आदि सम्मिलित थे।

AMRIT VICHAR PAGE 4

कुलपति को देखकर पसीना पोछते नजर आए परीक्षार्थी

अमृत विचार, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में सेमेस्टर परीक्षायें जारी हैं, इसी बीच कुलपति प्रोफेसर आलोक राय अपनी टीम के साथ केन्द्रों का लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया, तो परीक्षार्थी कुलपति को देखकर पसीना पोछते नजर आये।

कुलपति ने देखा कि ग्रीन फील्ड डिग्री कॉलेज के कक्ष संख्या 202 में आगे की तरफ मात्र तीन पंखे थे, बाकी पीछे की तरफ कोई पंखा नहीं लगा था जिसके कारण कुलपति उन्होंने केंद्र अध्यक्ष को निर्देश दिया कि अविलंब पंखा लगाया जाए। इसी प्रकार संत सूरज बाबू महाविद्यालय में कुलपति ने अभिलेखों का भी निरीक्षण किया। किंतु वहां पर साफ सफाई व्यवस्था को लेकर के वह नाराज हुए और केंद्र अध्यक्ष को सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। कुलपति के साथ प्रोफेसर निशा पांडे, मुख्य कुलानुशासक, प्रोफेसर राकेश द्विवेदी और उनके टीम के सदस्य डॉ. ओपी शुक्ला, डॉ. महेंद्र अग्निहोत्री, डॉ. आशीष अवस्थी, डॉ राहुल पांडे, डॉ एस पी सिंह, और डॉ प्रवीश प्रकाश भी शामिल रहे।